# आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक–एफ 23(80)/लेखा/आकाशि/छा.ऑनलाईन/2019–20/879 दिनांक– 22/01/2020

## आदेश

वित्तीय वर्ष 2019–20 में राजस्थान स्थित राजकीय/निजी महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं से ऑनलाईन विभागीय वेबसाईट **hte.rajasthan.gov.in** के **Home Page** पर **Online Scholarship** पर क्लिक कर पेपरलेस आवेदन पत्र ऑनलाईन पंजीकरण, आवेदन पत्र भरने, शिक्षण महाविद्यालय को प्राप्त समस्त ऑनलाईन आवेदन पत्रों की विस्तृत जांच उपरान्त स्वीकृति योग्य आवेदन पत्रों को संबंधित महाविद्यालयों द्वारा नोडल अधिकारी को ऑनलाईन **(Forward)** करने एवं नोडल अधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों की जांच पश्चात् पात्र आवेदन पत्रों को आयुक्तालय को **Forward** करने एवं आयुक्तालय द्वारा स्वीकृति जारी कर, स्वीकृतशुदा आवेदन पत्रों का संबंधित विद्यार्थियों का भामाशाह कार्ड में अंकित बैंक खातों में ऑनलाईन भुगतान करने एवं आक्षेप योग्य आवेदन पत्रों को संबंधित महाविद्यालयों/विद्यार्थियों को प्रतिप्रेषित **(Forward)** करने के लिये निम्नानुसार संशोधित तिथियां प्रस्तावित की जाती है :–

| क्र.सं. | विषय वस्तु/छात्रवृति का नाम | निर्धारित तिथियां |
|---|---|---|
| 1 | विधवा/परित्यक्ता मुख्यमंत्री (बी.एड) संबंल योजना – वर्ष– 2019–20 के नियम, शर्ते इत्यादि विभागीय वेबसाईट **hte.rajasthan.gov.in** के **Home Page** पर **Online Scholarship** पर क्लिक कर जानकारी प्राप्त कर नीचे दी गई तिथि एवं दिशा निर्देश अनुरूप ऑनलाईन आवेदन करें। | – |
| 2 | उक्त छात्रवृति हेतु राजस्थान स्थित राजकीय/निजी महाविद्यालयों का पेपरलेस ऑनलाईन पंजीकरण, प्रोफाईल अपडेशन एवं उनके अधीन समस्त महाविद्यालय का पंजीयन/पाठ्यक्रम सत्यापन अनुमोदन करने एवं छात्राध्यापिकाओं के लिए पेपरलेस ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण कर ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने के लिये ऑनलाईन पोर्टल प्रारम्भ करने की तिथि | 18 सितम्बर 2019 से प्रारम्भ |
| 3 | उपर्युक्त छात्रवृति हेतु विद्यार्थियों के द्वारा पेपरलेस ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण कर ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने के लिये छात्रवृति हेतु विद्यार्थियों के लिये पेपरलेस ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि/पोर्टल बन्द करने की अंतिम तिथि | 15 जनवरी 2020 तक |
| 4 | महाविद्यालयों को विद्यार्थियों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदन पत्रों की गहन जांच कर पात्र आवेदन पत्र (जिला नोडल अधिकारी / प्राचार्य) को फॉरवर्ड करने की अंतिम तिथि | 22 जनवरी 2020 |
| 5 | जिला नोडल अधिकारी द्वारा महाविद्यालयों से प्राप्त विधवा / परित्यक्ता मुख्यमंत्री (बी.एड) संबंल योजनान्तर्गत समस्त छात्रवृति आवेदन पत्रों की जाँच उपरान्त आयुक्तालय को फारवर्ड करना, अपूर्ण आवेदन पत्रों को (यदि कोई हो तो) महाविद्यालय/विद्यार्थियों को प्रतिप्रेषित (पुनः फॉरवर्ड) करने की अंतिम तिथि | 28 जनवरी 2020 |

